हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 12 अप्रैल 2026

04 नशे के खिलाफ पुनः स्ट्राइक, एसडीओपी को मिला ड्रग्स...



07 6 साल बाद खोजीपुरा स्टेशन पर गूंजी रेल...





## खबर संक्षेप

### भूतेश्वर गढ़ोला नाका रेलवे फाटक चार दिन तक बंद रहेगा

**खुरई।** रेलवे की ओवरहॉलिंग के चलते भूतेश्वर गढ़ोला नाका स्थित फाटक गेट नंबर 8 ए, 11 अप्रैल से 14 अप्रैल तक बंद रहेगा। इस दौरान रोज सुबह 8 से शाम 6 बजे तक सड़क यातायात पूरी तरह बंद रहेगा। रेलवे प्रशासन के मुताबिक गेट पर मरम्मत होगी। तकनीकी सुधार कार्य होगा। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाएगी। तय समय में किसी तरह का आवागमन नहीं हो सकेगा। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों से कहा गया है कि वे वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करें। अनावश्यक परेशानी से बचें। अपने समय की बचत करें।

### नेत्र शिविर से 24 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए आनंदपुर भेजे गए

**खुरई।** सिविल अस्पताल में आयोजित एक नेत्र शिविर में मोतियाबिंद के 24 मरीजों का चयन किया गया। इन सभी मरीजों को ऑपरेशन के लिए आनंदपुर भेजा गया है। सिविल अस्पताल में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए लगाए गए इस शिविर में कुल 70 लोगों की आंखों की जांच की गई। इनमें से 24 महिला-पुरुषों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए उपयुक्त पाया गया। नेत्र सहायक केएन कुशवाहा ने बताया कि सिविल अस्पताल में ऑपरेशन से पहले मरीजों की पूरी जांच की जाती है। जांच के बाद, ट्रस्ट की एंबुलेंस के माध्यम से सभी नेत्र रोगियों को ऑपरेशन के लिए आनंदपुर भेजा जाता है।

### शहर कांग्रेस जननायक कर्पूरी ठाकुर को पुष्पांजलि अर्पित करेंगी

**सागर।** भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर को जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में कांग्रेस जन अटल पार्क पहुंच कर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। साथ ही उनके व्यक्तित्व एवं उनके किए कार्यों को याद करेंगें उन्होंने हमेशा सादगी पूर्ण जीवन जिया एवं पिछड़े के उत्थान में अग्रिम भूमिका निभाई।

### शव वाहन हेतु टोल फ्री नंबर 155334

**सागर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सागर द्वारा बताया गया कि सरकारी अस्पताल में मरीज की बीमारी या दुर्घटना के चलते ईलाज के दौरान मृत्यु होने पर निःशुल्क शव वाहन के लिये परिजनों को ना भटकना पड़ेगा और ना ही लंबा इंतजार करना पड़ेगा। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग ने मृतक के शव को ससम्मान घर तक पहुँचाने के लिये शव वाहनों की व्यवस्था पहले ही कर दी है। अब इसके लिये स्वास्थ्य विभाग ने टोल फ्री नंबर 155334 जारी किया है। कॉल करके शव वाहन बुला सकते हैं।

**मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की पहली प्रतिमा सागर में हुई स्थापित**

## भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर ने संघर्ष, परिश्रम, दूरदृष्टि, सादगी को अंगीकार कर देश को आगे बढ़ाने का कार्य किया : तोमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर ने संघर्ष, परिश्रम, दूरदृष्टि, सादगी को जीवन में अंगीकार कर देश को आगे बढ़ाने का कार्य किया। उक्त विचार विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सागर में भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में व्यक्त किए। विधान सभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि भारत रत्न श्री कर्पूरी ठाकुर जी के चरणों में अपनी ओर से श्रद्धा व्यक्त करता हूं और उनके चरणों में नमन करता हूं। इस अवसर के हम साक्षी बन पा रहे हैं, इसके लिए रघु ठाकुर को हदय से बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं। रघु ठाकुर मौलिक विचारक हैं, राजनीतिक क्षेत्र में लंबे समय से काम कर रहे हैं, लेकिन राजनीतिक मूल्यों के प्रति उनका समर्पण रहा। इस कारण राजनीति में पदों की दौड़ में वह बिछड़ते हुए दिखाई देते होंगे, लेकिन सम्मान की दृष्टि से रघु ठाकुर की तुलना किसी और से नहीं की जा सकती। ऐसे रघु भाई हमारे परम मित्र हैं। उन्होंने मुझे आग्रह किया था कि इस अवसर पर मैं उपस्थित रहूं, तो कर्पूरी ठाकुर जी का विषय था। मैंने बहुत उनसे चर्चा भी नहीं की, लेकिन उन्होंने कहा तो मैंने हां कर दिया था और इस परिप्रेक्ष्य में मैं आज यहां उपस्थित हुआ हूं और उपस्थित होकर निश्चित रूप से मैं बहुत ही अपने आप को गौरव का अनुभव कर रहा हूं।

रघु ठाकुर उनके क्षेत्र की यात्रा के साक्षी रहे और उन्होंने बहुत ही प्रेरणादायक विषय हम सब लोगों के सामने रखा है। मैं समझता हूं ऐसे अवसर न सिर्फ भाषण के लिए होते हैं, न सिर्फ प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के लिए होते हैं, ऐसे अवसर प्रेरणा लेने के लिए होते हैं। इस अवसर से हम प्रेरणा लें, कर्पूरी जी के व्यक्तित्व को, कृतित्व को, उनकी साधना को, उनके संघर्ष को, उनके समर्पण को, उनकी संवेदनशीलता को, उनकी दूरदृष्टि को अपने जीवन में अगर हम अंगीकार करें तो अपने जीवन को भी सार्थक बना सकते हैं और देश के कल्याण के लिए भी निश्चित रूप से कुछ करने में योगदान देने में हमारी भूमिका हो सकती है।

आज भौतिक प्रतिस्पर्धा का दौर है, इसलिए हर व्यक्ति प्रतिस्पर्धा की दौड़ में आगे निकलना चाहता है, लेकिन समय-परिस्थितियां ऐसी बन रही हैं कि प्रतिस्पर्धा के मानदंड बदलते जा रहे हैं। आज की प्रतिस्पर्धा सफलता की है, संपन्नता की है, संप्रदायता की है, यश की है और इस दौड़ में सब लोग दौड़े चले जा रहे हैं। अंजाम क्या होगा, मंजिल कहां मिलेगी, इसका किसी को मालूम नहीं है, लेकिन दौड़ने में कोई भी पीछे नहीं रहना चाहता है। लेकिन मैं इस अवसर पर कहना चाहता हूं कि मित्रों, हमारा यह देश और हमारी भारतीय संस्कृति ने कभी भी न तो हाड़-मांस के ढांचे की पूजा की और न ही पैसे की पूजा की। हमारी संस्कृति में हमेशा गुणों की पूजा हुई, नैतिकता की पूजा हुई। कोई टाटा-बिरला के बाद मानेगा या नहीं मानेगा, इसकी गारंटी नहीं है, लेकिन अगर सागर से गुजरा हुआ कोई फकीर कोई बात कह जाए तो उसकी मानने के लिए लोग विवश होते हैं। तो फकीरी में जीने वाला यह देश है, इसलिए आप महसूस करते होंगे, एक कालखंड था जब हमारे देश में सैकड़ों रियासतें थीं, राजा-महाराजा, सुल्तान, बादशाह जगह-जगह पर थे। देश में कहीं भी चले जाओ, हर जगह राजा, सुल्तान, बादशाह की मूर्तियां और छतरियां आपको लगी हुई मिल जाएंगी। वे राजा भी थे, महाराजा भी थे, संपन्नता भी थी, आज भी संपन्नता दिखाई देती होगी, लेकिन बिना गुण के कोई उन मजारों पर पुष्प अर्पित करने और दिया जलाने नहीं जाता। जिसमें गुण था, उनकी पूजा होती है, चाहे वह महाराणा प्रताप हों, महर्षि दधीचि हों, कबीर जी हों, भक्त रविदास हों। कौन कहां का है, कौन बिरादरी का है, कौन किस मजहब का है, इससे कोई लेना-देना नहीं, लेकिन वे पूजित किए जाने वाले लोग हैं। योग्य गुणों में है, तो यह सारा समाज, सारा देश उनकी पूजा निश्चित रूप से करता है।

मंजिल खुद आकर कदम चूम लेती है, अगर पथिक हिम्मत न हारे। कर्पूरी ठाकुर की मूर्ति बेशक दशक बाद आज लगी हो मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच में, लेकिन कर्पूरी ठाकुर के व्यक्तित्व ने लोगों को प्रेरणा देने का काम किया, तो कर्पूरी ठाकुर के पास भारत रत्न भी चलकर आया और कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा स्थापित करने के लिए भी हम सब लोग विवश हुए। सब कहते हैं कर्पूरी ठाकुर के पास गाड़ी नहीं थी, उनके पास बैंक बैलेंस नहीं था, उनके पास बहुत अच्छे कपड़े नहीं थे, उनके पास बड़ी जमीन-जायदाद नहीं थी, लेकिन मैंने पूर्व में भी कहा, यह देश उन सब चीजों की पूजा करता ही नहीं है। यह देश पूजा करता है मानव के अंदर फकीरी और दूसरों के लिए जीने के जज्बे की, और वह जज्बा कर्पूरी जी में था। इसलिए आज हम सब लोग यहां उनको अपना श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए एकत्रित हुए हैं।

इस अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री राजभूषण चौधरी ने कहा कि भारत रत्न श्री कर्पूरी ठाकुर का जीवन संघर्ष, सादगी, समर्पण और परिश्रम से भरा था। इसी सादगी भरे जीवन से उन्होंने दो बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर समाज उत्थान किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने गरीब एवं अभावग्रस्त व्यक्तियों के लिए कार्य किया।

समाजवादी चिंतक एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष रघु ठाकुर ने कहा कि तत्कालीन नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह के सहयोग से इस मूर्ति के लिए नगर निगम के माध्यम से जमीन उपलब्ध हुई और आज भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की मूर्ति स्थापना हो रही है। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर में महात्मा गांधी, राम मनोहर लोहिया, जयप्रकाश का मिलन था, जिनके सिद्धांतों पर कर्पूरी ठाकुर ने अपने व्यक्तित्व को निखारकर आगे बढ़े। श्री कर्पूरी ठाकुर में गांधी जी के गुण थे, जिनके माध्यम से उन्होंने अनेक कार्य किए। उन्होंने कहा कि योग्यता की कसौटी योग्यता नहीं थी, योग्यता की कसौटी भाषा थी, तब जाकर बिहार में अंग्रेजी की अनिवार्यता को खत्म कराया। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार सिविल सर्विस में सी-सेट की अनिवार्यता को खत्म होना चाहिए, जिससे कि हिंदीभाषी प्रदेश के परीक्षार्थी चयनित हो सकें।

## रजवांस हायर सेकंडरी स्कूल में एक बजे घर जा रहे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

सरकार शिक्षा का स्तर सुधारने, गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के दावे कर रही है। विकासखंड मालथौन के हायर सेकंडरी स्कूल रजवांस में शिक्षकों की लापरवाही सामने आई है। यहां 9वीं से 12वीं तक 800 बच्चे पढ़ते हैं। बच्चे दूर-दराज के गांवों से भी आते हैं। शुक्रवार को शिक्षक समय से पहले स्कूल से घर रवाना हो गए। यह स्थिति एक दिन की नहीं है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक यहां रोज 1 बजे घर जाना आदत बन चुकी है।शैक्षिक सत्र 2026-27 की शुरुआत के साथ स्कूल चले हम अभियान के तहत प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। शासन के निर्देश हैं कि शिक्षक निर्धारित समय तक स्कूल में मौजूद रहें। इसके बावजूद रजवांस हायर सेकंडरी में 27 स्थायी शिक्षक हैं। 14 अतिथि शिक्षक हैं। यहां समय समाप्त होने से पहले ही आधे से ज्यादा शिक्षक घर चले गए।हायर सेकंडरी की पढ़ाई को बच्चों के भविष्य की नींव माना जाता है। स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों पर असर पड़ रहा है।

शिक्षकों से जानकारी लेने पर वे इधर-उधर के कामों का हवाला देते रहे। शिक्षा विभाग के निर्देश हैं कि स्कूल पूरे समय तक खुलें। शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य रहे। इसके बावजूद मालथौन ब्लॉक के हायर सेकंडरी स्कूल रजवांस में आधे से ज्यादा शिक्षकों की मनमर्जी चल रही है। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि लापरवाह शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई हो। स्कूल चले हम अभियान कागजी औपचारिक बनकर न रह जाए।

बीईओ मालथौन हम्मीर लोधी ने कहा कि हायर सेकंडरी रजवांस में जो शिक्षक समय से पहले घर जाते हैं, उन्हें नोटिस जारी किए जाएंगे।



## महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार अन्याय और असुरक्षा को लेकर एसपी को ज्ञापन सौंपा

**सागर।** जिला महिला कांग्रेस उत्पीड़न, निवारण प्रकोष्ठ ने आज जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एडिशनल एसपी लोकेश सिन्हा को ज्ञापन सौंप कर जिले में बढ़ रहे महिला अपराधों पर रोक लगाने की मांग की। प्रकोष्ठ की अध्यक्ष गीता कुशवाहा ने कहा कि जिले में दुष्कर्म, दहेज, उत्पीड़न एवं साइबर अपराध की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि हो रही है। इन घटनाओं के कारण महिलाएं भय और असुरक्षा महसूस कर रही है। महिलाओं से संबंधित सभी मामलों का फास्ट ट्रैक कोर्ट से निराकरण हो। संवेदनशील इलाकों स्कूल कॉलेज, बस स्टैंड, बाजारों में पुलिस गस्त बढ़ाई जाए एवं महिला हेल्पलाइन 1091, 181 ,112 को और सक्रिय किया जाए। गांव-गांव में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कानूनी अधिकारों की जानकारी के साथ साथ गुड टच-बेड टच पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए । प्रकोष्ठ की अध्यक्ष गीता कुशवाहा ने कहा कि महिलाओं को आशा है कि आप इस गंभीर विषय पर तत्काल संज्ञान लेकर प्रभावी कदम उठाएंगे और महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में सहयोग करेंगे । इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को लाडली बहन तो कहती है लेकिन मानती नहीं। आज पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा पीड़ित महिला वर्ग ही है जो असुरक्षा भय और डर के साए में जी रही हैं । जिसे निजात दिलाना बहुत आवश्यक है। जीतू पटवारी एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रकोष्ठ प्रभारी महेंद्र सिंह चौहान महिला उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष प्रियंका किरार के निर्देश पर उक्त ज्ञापन सोपा गया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं जिनमें पार्षद रिचा सिंह, पार्षद रोशनी खान, किरण लता सोनी, रेखा सोनी, ज्योति मलैया, रेखा अहिरवार, दमयंती अहिरवार, संतोष रानी सेन, शोभा रानी, रमाकांत यादव, महेश अहिरवार, भैयन पटेल, श्रीदास रैकवार, जितेंद्र अहिरवार, वसीम खान, सुंदर अहिरवार, मेघा आदि एसपी कार्यालय पर उपस्थित थे।

## विधिक सेवा प्राधिकरण के 15 से 18 तक होंगे पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार

**सागर।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर अंतर्गत लीगल एड डिफेंस काउंसिल सागर में कार्यालय सहायक, रिसेप्सनिस्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं कार्यालय भृत्य के संविदा पद पर भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था जिसके अनुक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर में उक्त तीनों पदों के लिए अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे। उक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया अंतर्गत्त साक्षात्कार दिनाँक 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक की जानी है। अधिक जानकारी के लिए जिला न्यायालय सागर की ऑफीसियल साईट पर देखी जा सकती है। संबंधित सर्व सामान्य को सूचित किया जाता है कि इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित पदों पर साक्षात्कार की प्रक्रिया हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर नियत स्थान पर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सागर में उपस्थित होवें।



### भारतीय जनता पार्टी सदैव कार्यकर्ताओं के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देती है : श्याम तिवारी

**सागर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश के नवनियुक्त सह प्रशिक्षण प्रभारी श्रीकांत कौशिक ने भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी से सौजन्य भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए आगामी गतिविधियों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि युवा मोर्चा संगठन की रीढ़ है और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही पार्टी को नई ऊर्जा एवं दिशा मिलती है। उन्होंने श्रीकांत कौशिक को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में प्रशिक्षण कार्य और अधिक प्रभावी एवं सशक्त होंगे। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव कार्यकर्ताओं के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देती है और प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सुदृढ़ बनाया जाता है, जिससे वे समाज में बेहतर योगदान दे सकें। श्रीकांत कौशिक ने संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी के लिए शीर्ष नेतृत्व एवं जिला अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

## खुरई में आवारा मवेशियों के सड़कों पर आने से यातायात बाधित, दुर्घटनाओं का भी अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई



नगर में आवार पशु निरंतर राहगीर एवं वाहन चालको के लिए परेशानी का सबब बनते जा रहे है। वड़ी मात्रा में चैराहो और सड़को पर झुंड बनाकर एकत्रित हो जाते है लेकिन षहरी क्षेत्र में उन्हे पर्याप्त भोजन न मिलने के कारण वह इधर उधर भटक रहे है। हालत यह है कि शहर के व्यस्थतम मार्गो पर बड़ी संख्या में आवारा मवेशी बैठे रहते है जिसके कारण सड़कों पर से निकलने वालों को आवागमन में अत्यधिक परेशानी होती है।

नगरपालिका परिषद की पशुपालकों को दी गई चेतावनी बेअसर साबित हो गई है। शहर में सड़कों पर खुले में अपने मवेशी छोड़ने वाले पशु पालकों पर रत्तीभर भी असर नहीं हुआ है। यही कारण है कि आवारा मवेशी सड़कों पर विचरण कर रहे हैं। इन आवारा पशुओं के कारण हर रोज वाहन चालकों को सड़कों पर दुर्घटनाओं का शिकार होना पड़ रहा है। इस समस्या से नागरिकों को नही मिल रही है निजात। आवार पशु रात्रि के समय तो और ही परेशानी का सबब बन जाते है क्योंकि यह रोड पर इस तरह झुंड बनाकर वैठते है जिसमें छोटा और बड़े वाहन चालक निकले में परेशानी का सामना करना पड़ता है।शहर के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, राजीव चैक, परसा चैराहा, झंडा चैक, सागर नाका चैराहा, गल्ला मंडी, सब्जी मंडी राहतगढ़ नाका, गढ़ौला नाका आदि क्षेत्रों की तमाम सड़कों पर दिनभर दो व चार पहिया वाहनों का आवागमन बना रहता है। इन व्यस्त सड़कों पर आवारा मवेशी जहां-तहां विचरण करते रहते हैं। चूक होते ही वाहन चालक इन पशुओं को बचाने के चक्कर में दुर्धटना का शिकार हो जाते हैं। बस स्टैंड से सागर नाका तक वाहन चालकों और राहगीरों के लिए मुसीबत साबित हो रहे हैं। सब्जी मंडी में भी फुटकर एवं थोक सब्जी विक्रेताओं की दुकानों पर यहां पशु सब्जियां खाते हैं और खराब कर देते हैं जिससे दुकानदारों को काफी आर्थिक नुकसान होता है।

### जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

आवारा पशु राह चलते लोगों को मारकर घायल भी कर चुके हैं यही नहीं इन गाय, बैल और साडों से चोटिल होकर अपना इलाज अस्पताल में करा चुके हैं। ऐसा नहीं है कि इन आवारा पशुओं से होने वाली परेशानियों से नागरिकों ने नपा के जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत नहीं कराया हो लेकिन अनेक बार नगरपालिका में शहर में बढ़ती आवारा पशुओं की संख्या को लेकर नागरिकों ने शिकायतें की हैं लेकिन नपा इस ओर सही तरीके से ध्यान देने को तैयार नहीं है।

**अराईज मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट ने पोस्टर पंपलेट हटाने का कार्य प्रारंभ कर मांगी माफी**

## नगर निगम द्वारा शहर की स्वच्छता को प्रभावित करने वाले संस्थानों के विरुद्ध सख्ती का असर: पोस्टर-पंपलेट हटाने आगे आए संस्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा शहर की स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण के लिए लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार सार्वजनिक स्थानों, दीवारों एवं विद्युत पोल पर अवैध रूप से पोस्टर और पंपलेट चिपकाकर शहर की सुंदरता को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों के विरुद्ध संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत नोटिस जारी कर कार्रवाई की जा रही है। निगमायुक्त के इस सख्त रवैये का सकारात्मक प्रभाव अब शहर में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। पहले जहां विभिन्न संस्थान एवं कोचिंग सेंटर प्रचार-प्रसार के लिए बिना अनुमति के पोस्टर-पंपलेट लगाते थे, वहीं अब वे स्वयं आगे आकर उन्हें हटाने की पहल कर रहे हैं। यह बदलाव न केवल प्रशासन की सख्ती का परिणाम है, बल्कि स्वच्छता के प्रति बढ़ती जागरूकता को भी दर्शाता है। इसी क्रम में शहर के एक प्रमुख संस्थान, अराईज मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट ने भी जिम्मेदारी का परिचय देते हुए पूरे शहर में लगाए गए अपने पोस्टर और पंपलेट हटाने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। संस्थान के मैनेजर रोहित दीक्षित द्वारा लिखित माफीनामा प्रस्तुत कर भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों से दूर रहने का आश्वासन भी दिया गया है। यह कदम अन्य संस्थानों के लिए भी एक सकारात्मक संदेश है कि वे नियमों का पालन करते हुए स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग करें।

नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में नागरिकों की सहभागिता को विशेष महत्व दिया जा रहा है। निगमायुक्त ने शहर के सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, कोचिंग संस्थानों एवं अन्य संगठनों से अपील की है कि वे स्वच्छ सर्वेक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाएं और किसी भी सार्वजनिक स्थल पर पोस्टर या पंपलेट न चिपकाएं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल शहर की छवि को खराब करती हैं, बल्कि कानूनन अपराध भी हैं।

निगमायुक्त खत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में कोई भी व्यक्ति या संस्था शहर की स्वच्छता को प्रभावित करते हुए पोस्टर-पंपलेट लगाते पाए गए, तो उनके विरुद्ध संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित संस्था या व्यक्ति की होगी।

नगर निगम की इस सख्त कार्रवाई और जागरूकता अभियान का उद्देश्य सागर शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाना है, ताकि स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन किया जा सके।

## कार्यालय नगर पालिक निगम सागर

क्र./नामा.शा./न.नि./2025-26/01 सागर दिनांक 05/04/2026

-:: सूचना ::-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिए गए भवन/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन वो 30 दिवस के अन्दर आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर के नाम से प्रस्तुत कर सुकते हैं।

| क्र. | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/ प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/ वसीयनामा/ दानदाता/ वंशानुक्रम | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2191/25-26 | अम्बेडकर | रजि. बैनामा, शपथपत्र | आशीष कुमार पिता महेन्द्र कुमार जैन | सरिता पति राहुल कुमार जैन |
| 2 | 2192/25-26 | अम्बेडकर | रजि. बैनामा, शपथपत्र | राजेन्द्र कुमार पिता कपूरचन्द जैन | सजल एवं सुयश पिता सुरेन्द्र कुमार जैन |
| 3 | 2193/25-26 | अम्बेडकर | रजि. बैनामा, शपथपत्र | पुष्पा पति स्व. जिनेन्द्र कुमार, राजेन्द्र कुमार पिता कपूरचन्द जैन | सजल एवं सुयश पिता सुरेन्द्र कुमार जैन |
| 4 | 2194/25-26 | कटरा | मृत्यु-प्रमाण पत्र. शपथपत्र | रामसिंह पिता मन्नूसिंह ठाकुर | 1- दिनेश, मनोज, पंकज सभी पिता स्व. रामसिंह ठाकुर 2- पूजा पति स्व. नीरज एवं यश, महिमा, नेहा, पारूल, रिंतु एवं विशाखा सभी पिता स्व. नीरज सिंह ठाकुर |
| 5 | 2795/25-26 | अम्बेडकर | रजि. बैनामा, शपथपत्र | भागवती पति स्व. देवकीनन्दन एवं चन्दा, शोभना, यदु, सुमनलता सभी पिता स्व. देवकीनन्दन रोहण | सूरज पति शशिकान्त अहिरवार |
| 6 | 2796/25-26 | कटरा | रजि. बैनामा, अंकसूची, शपथपत्र | अमित एवं विनीत सिंघई नावा. वल्द रमेशचन्द वली माँ प्रेमरानी | अमित एवं विनीत सिंघई पिता स्व. रमेशचन्द जैन |
| 7 | 2197/25-26 | कटरा | रजि. बैनामा, अंकसूची, शपथपत्र | अमित कुमार सिंघई पिता रमेश चन्द जैन | अमित एवं विनीत सिंघई पिता स्व. रमेशचन्द जैन |
| 8 | 2198/25-26 | कटरा | रजि. बैनामा, शपथपत्र | स्व. खेमचन्द पिता स्व. रतनचन्द जैन | अमित एवं विनीत सिंघई दोनों पिता स्व. खेमचन्द जैन |
| 9 | 2198/1/25-26 | गाँधीचौक | मृत्यु-प्रमाण पत्र, रजि, वसीयत, शपथपत्र | रामप्रसाद पिता स्व. श्रीराम सोनी | हरीश कुमार पिता स्व. रामप्रसाद सोनी |
| 10 | 2199/25-26 | कटरा | अंकसूची, शपथपत्र | प्रेमबाई पति स्व. रमेश चन्द्र जैन | विनीत एवं अमित दोनों पिता स्व. रमेशचन्द जैन |
| 11 | 2200/25-26 | वल्लभनगर | मृत्यु-प्रमाण पत्र, शपथपत्र | धर्मेन्द्र पिता स्व. सुरेन्द्र साहू | सपना पति स्व. धमेन्द्र एवं हर्ष, मुस्कान पिता स्व. धर्मेन्द्र साहू |

कृते-आयुक्त
नगर पालिक निगम, सागर

### 21 किलो गांजा जब्त, 2 गिरफ्तार, नशा माफिया पर 2 वर्षों से हो रही कार्रवाई

# नशे के खिलाफ पुनः स्ट्राइक, एसडीओपी को मिला ड्रग्स हंटर ब्रेकर का तमगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के जतारा, दिगौडा क्षेत्र में 2 साल से लगातार सख्ती के साथ की जा रही कार्यवाहीयों के चलते गांजा, अफीम माफियाओं की कमर टूट चुकी है। नशे के खिलाफ जंग जारी रखते हुए पुलिस हर मोर्चे पर हमलावर है। प्रदेशभर में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना द्वारा चलाये जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत जिले में भी पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में पुलिस विगत 2 वर्षों से लगातार पूरी तरह आक्रामक तेवर में नजर आ रही है। जिसके तहत जिले में लगातार प्रभावी और सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिसमें जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम तो नशा माफिया के लिए ड्रग्स हंटर या ड्रग्स माफिया के ब्रेकर बन चुके हैं क्योंकि एसडीओपी गौतम ने जतारा व दिगौडा क्षेत्र में बिगत 2 वर्षों से लगातार मुहिम छेड़ी हुई है। और गांजा व अफीम जप्त किया है।

## दिगौडा पुलिस का डबल अटैक माफिया में मचा हड़कंप

इसी कड़ी में दिगौडा पुलिस ने सुनियोजित रणनीति और मजबूत मुखबिर तंत्र के सहारे नशे के कारोबार पर करारा प्रहार करते हुए दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर बड़ी सफलता हासिल की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के पर्यवेक्षण में 10 अप्रैल को ग्राम धामना कुईया खिरक में दो स्थानों पर एक साथ छापेमार कार्रवाई कर गांजा जप्त किया गया। जिसमे एक कार्रवाई के दौरान उज्जू कुशवाहा के घर के पीछे कछवारे से करीब 13 किलो 920 ग्राम गांजा जब्त किया गया। बही दूसरी कार्यवाही के दौरान मान सिंह के खेत से करीब 6 किलो 720 ग्राम गांजा बरामद हुआ। दोनों स्थानों से जब्त किए गए गांजे की कुल मात्रा करीब 21 किलो आंकी गई है। दोनों आरोपियों को भी मौके से गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।





### नशे के विरुद्ध एसडीओपी को मिला ड्रग्स हंटर व ब्रेकर का तमगा

जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम द्वारा एसपी मंडलोई के निर्देशन में जतारा व दिगोड़ा क्षेत्र में पिछले वर्ष भी कई बार गांजा व अफीम पकड़ा गया था। और इस वर्ष भी शुरुआत में ही नशा माफिया के बिरुद्ध कार्यवाही की गई थी जो निरंतर जारी है। लगातार हो रही कार्यवाही के चलते जतारा एसडीओपी गौतम को क्षेत्रवासियो ने ड्रंग्स हंटर और ड्रग्स माफिया ब्रेकर का तमगा दे दिया है। उक्त सख्त कार्रवाई से यह स्पष्ट है कि टीकमगढ़ पुलिस अब नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रही है। पुलिस का यह आक्रामक रुख न केवल तस्करों के हौसले पस्त कर रहा है, बल्कि समाज में भी सकारात्मक संदेश दे रहा है।

### दो साल से जारी है नशा तस्करों के विरुद्ध क्लीन ऑपरेशन

जतारा एवं दिगौडा क्षेत्र में पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान में ये कोई एक दिन की कार्रवाई नहीं, बल्कि पिछले दो वर्षों से चल रही सतत और सुनियोजित मुहिम का परिणाम है। इस दौरान पुलिस ने लगातार गांजा और अफीम जैसे मादक पदार्थों की बड़ी खेप पकड़ते हुए नशा तस्करों के नेटवर्क को कमजोर किया है। कई मामलों में खेतों, मकानों और सुनसान स्थानों पर छिपाकर रखे गए नशे के जखीरे बरामद किए गए। और तस्करों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा गया। मुखबिर तंत्र को मजबूत कर हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी गई। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से क्षेत्र में नशा कारोबारियों में भय का माहौल है और उनकी गतिविधियां काफी हद तक सीमित हुई हैं।

### जीरो टॉलरेंस पर काम कर रही पुलिस

एसपी ने स्पष्ट कर दिया है कि नशे के कारोबार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थाना स्तर पर लगातार मॉनिटरिंग, दैनिक समीक्षा और सख्त निर्देशों के चलते पुलिस हर मोर्चे पर सक्रिय है। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं इन कार्रवाइयों की निगरानी किए जाने से पूरे जिले में सख्ती का असर साफ दिखाई दे रहा है। इस कार्रवाई में दिगौडा थाना प्रभारी दिगौडा मनीष मिश्रा सहित सहायक उपनिरीक्षक कल्याण सिंह, आरक्षक आनन्द सुडेले, राकेश घोष, विजय घोष, फूलचन्द्र तिवारी, नीलू राजपूत, अंकित साहू, अमित कुमार, जगभान रजक, राघवेंद्र लोधी एवं अरुण सिंह ने अहम भूमिका निभाई। उनकी सतर्कता, समन्वय और त्वरित कार्रवाई के चलते नशे का बड़ा जखीरा पकड़ने में सफलता मिली।


### फायर ब्रिगेड बुलाकर पाया आग पर काबू

# थाने के समीप मकान में लगी आग में महिला व बच्चे के लिए पुलिस बनी ढाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शुक्रवार देर रात देहात थाना क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब थाने के पास स्थित एक मकान में अचानक आग भड़क उठी। आग के बीच घर में फंसी महिला और उसके दो मासूम बच्चों की जिंदगी पर खतरा मंडरा रहा था, लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने संभावित बड़े हादसे को टाल दिया।

आग लगने की खबर मिलते ही देहात थाना पुलिस बिना देर किए मौके पर पहुंच गई। रात्रि गश्त में तैनात पुलिस बल ने हालात की गंभीरता को समझते हुए तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और घर में लगी आग के धुएं व लपटों के बीच फंसी महिला और बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटनास्थल पर देहात थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव, सतीश शर्मा, महिला थाना प्रभारी, एवं पुलिस टीम ने मोर्चा संभाला। तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, जिसके बाद दमकल टीम ने पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों का भी सहयोग रहा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह मकान टिंकू जैन का बताया गया है, जिसमें एक परिवार किराए से रह रहा था। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि विस्तृत जांच जारी है। गनीमत यह रही कि पुलिस की तत्परता, सूझबूझ और संवेदनशील कार्यप्रणाली के चलते इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, जबकि समय रहते आग पर काबू पाने से संपत्ति को भी बड़े नुकसान से बचा लिया गया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा सभी थाना प्रभारियों को आपात स्थितियों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इस घटना में उन्हीं निर्देशों का असर साफ देखने को मिला, जब पुलिस ने बिना समय गंवाए राहत एवं बचाव कार्य को अंजाम दिया।





### जन जन तक पहुंचाएंगे मानवीय मूल्यों का संदेश

# विविधता में भी समानता के महापर्व का आयोजन आज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

सामाजिक समरसता, समानता और मानवीय मूल्यों के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मूवमेंट 21 टीम छतरपुर व टीकमगढ़ द्वारा विविधता में समानता थीम पर समानता महोत्सव का आयोजन 12 अप्रैल को सुबह 11 बजे से शहर के शहनाई गार्डन में किया जाएगा। यह महोत्सव डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की 135वीं एवं महात्मा ज्योतिबा फूले की 199वीं जयंती के उपलक्ष्य में संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। देशभर में इस अवसर पर विभिन्न प्रांतों और शहरों में भी इसी थीम पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आयोजकों के अनुसार, महात्मा फुले से लेकर डॉ. आंबेडकर तक सभी सामाजिक नायकों ने समाज में समता, समानता, न्याय और बंधुत्व स्थापित करने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनका आंदोलन किसी एक वर्ग तक सीमित न होकर पूरे समाज के उत्थान के लिए था। मूवमेंट-21 इन मूल्यों को आगे बढ़ाते हुए समाज में हर व्यक्ति की गरिमा बनाए रखने और विविधताओं के बीच एकता स्थापित करने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य अलग-अलग संस्कृतियों, धर्मों, भाषाओं और जीवनशैलियों के बीच समानता और सम्मान की भावना को मजबूत करना है। यह विचार भारतीय संविधान में निहित मौलिक अधिकारों से भी गहराई से जुड़ा हुआ है, जो हर नागरिक को अपनी विविध पहचान के साथ जीने का अधिकार देता है। महोत्सव के दौरान स्थानीय कलाकारों द्वारा विविधता में समानता की थीम पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। जिनमे गीत एवं संगीत प्रस्तुति, नाटक एवं समूह नृत्य, प्रश्नोत्तरी और निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से महात्मा फुले और डॉ. आंबेडकर के जीवन, विचारों और उनके कार्यों को आमजन तक पहुंचाया जाएगा। मूवमेंट-21 द्वारा वर्षभर विविधता में समानता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाती हैं, जबकि साल में एक बार इसे बड़े उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

# सतर्क किसान ही सुरक्षित किसान, समय पर उपाय कर बढ़ाएं उत्पादन, किसानों के लिए एडवाइजरी की जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में आगामी दिनों में बढ़ती गर्मी को देखते हुए कृषि विशेषज्ञों ने किसानों के लिए महत्वपूर्ण सलाह एडवाइजरी जारी की है। किसानों से अपील की गई है कि वे खाली खेतों में मिट्टी पलटने वाले हल से गहरी जुताई करें तथा फसल अवशेष नरवाई को जलाने से बचें, ताकि मिट्टी की उर्वरता बनी रहे और पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे। आगामी पांच दिनों तक मौसम शुष्क रहने और आसमान साफ रहने की संभावना है। बताया गया है कि अधिकतम तापमान 35 से 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 से 19 डिग्री सेल्सियस रहेगा साथ ही हवा की गति 2 से 7 किमी प्रति घंटा रहेगी। ऐसे मौसम में किसानों को फसलों की सिंचाई सुबह जल्दी या शाम के समय करने की सलाह दी गई है, साथ ही निराई-गुड़ाई पर भी ध्यान देने को कहा गया है।




कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि कटाई के बाद अनाज को 10 प्रतिशत नमी स्तर तक सुखाकर ही भंडारण करें, जिससे फसल सुरक्षित रहे और नुकसान से बचा जा सके। बढ़ते तापमान के साथ कद्दूवर्गीय फसलों कद्दू, लौकी, करेला, तरबूज आदि में लाल कीड़ा और फल मक्खी का प्रकोप बढ़ सकता है। इसके बचाव के लिए टमाटर, मिर्च, बैंगन व पपीता में लीफ कर्ल चुर्रा-मुर्रा रोग के नियंत्रण के लिये ट्राईजोफॉस 40 ईसी का छिड़काव करना है। साथ ही डाईमेथोएट 30 ईसी का छिड़काव भी करना है। छिड़काव के बाद 7 दिन तक सब्जी न तोड़ने की सलाह दी गई है। प्याज की भंडारण क्षमता बढ़ाने हेतु मैलिक हाइड्राजाइड का छिड़काव करने एबं खरबूजा, कद्दू, आम में फल फटने की समस्या होने पर बोरेक्स घोल का छिड़काव करने की बात कही गई है। साथ ही बताया गया है कि तेज गर्मी को देखते हुए दुधारू पशुओं को छायादार स्थान पर रखें और दिन में 2-3 बार ताजा पानी पिलाएं। साथ ही संतुलित आहार के साथ खनिज लवण और नमक देना जरूरी है। मुर्गीपालन करने वाले किसान मुर्गीघरों की दीवारों और छतों पर सफेदी करवाएं, जिससे तापमान 2-3 डिग्री तक कम किया जा सके।

घर-घर बांटा जा रहा निमंत्रण
13 अप्रैल को होगा आयोजन

# प्रारंभ की गईं परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियां

**टीकमगढ़।** नगर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। शहर में रोजाना निकल रही प्रभातफेरियों और महाआरती के आयोजन से आयोजन की तैयारियां अब अपने चरम पर पहुंचती दिखाई दे रही हैं। ब्राह्मण समाज के युवा और महिलाएं मिलकर घर-घर जाकर लोगों को जन्मोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दे रहे हैं।

प्रतिदिन सुबह 6 बजे नजरबाग मंदिर से प्रभातफेरी की शुरुआत होती है, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होकर शहर के विभिन्न मोहल्लों में भ्रमण करते हैं। इस दौरान भगवान परशुराम के जयकारों के साथ आमंत्रण पत्र वितरित किए जा रहे हैं। अब महिलाओं की टोली भी इस अभियान में सक्रिय हो गई है, जो अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को उत्सव में भाग लेने के लिए प्रेरित कर रही हैं। आयोजन के तहत प्रतिदिन शाम को शहर के अलग अलग क्षेत्रों में महाआरती का आयोजन किया जा रहा है।



शुक्रवार की रात के समय पुरानी टिहरी में महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल हुए। आयोजन समिति पदाधिकारी सौरभ शर्मा और सुरेश दौंदेरिया ने बताया कि इस बार जन्मोत्सव को पहले से अधिक भव्य और आकर्षक बनाने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। वे शक्ति, न्याय और धर्म की स्थापना के प्रतीक हैं। पुराणों के अनुसार उन्होंने अन्याय और अधर्म के खिलाफ संघर्ष कर समाज में संतुलन स्थापित किया। परशुराम जी को ब्राह्मण होते हुए भी शस्त्र धारण करने वाले अद्वितीय योद्धा के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने धर्म रक्षा के लिए अपने जीवन को समर्पित किया। उनका जीवन त्याग, तप और न्यायप्रियता का प्रेरक उदाहरण है।

जन्मोत्सव के दिन 13 अप्रैल को महेंद्र सागर तालाब स्थित भगवान परशुराम मंदिर पर सुबह 6 बजे से कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। जिसमें सामूहिक अग्निहोत्र यज्ञ, महामृत्युंजय मंत्र जाप, भगवान परशुराम की प्रतिमा का अभिषेक जैसे धार्मिक आयोजनों के साथ पूरे शहर में उत्सव का माहौल रहेगा। इस बार जन्मोत्सव की तैयारियों में युवाओं के साथ महिलाओं की बढ़ती भागीदारी आयोजन को और खास बना रही है।

# गांव-गांव पहुंच चौपालों में टटोली योजनाओं की हकीकत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित गांव बस्ती चलो अभियान के तहत क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया गया। इस दौरान क्षेत्र के ग्राम बेला, आलमपुरा, लारोन और बैडरी पंचायतों में कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनीं और सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत को परखा।

> क्षेत्र की पंचायतों में चला गांव बस्ती चलो अभियान, ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के बीच बैठकर केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली। इनमें प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, नल-जल योजना, वृद्धा पेंशन, किसान सम्मान निधि, संबल योजना जैसी शासन की अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति जानी गई। साथ ही यह भी पता किया गया कि किन पात्र हितग्राहियों को लाभ मिल रहा है और कौन अब भी योजनाओं से वंचित है। चौपाल के दौरान कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि जो पात्र हितग्राही अभी योजनाओं से वंचित हैं, उन्हें जल्द लाभ दिलाने के लिए संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी। ग्रामीणों ने भी खुलकर अपनी समस्याएं और सुझाव रखे। भाजपा का यह अभियान गांव-गांव और बस्ती-बस्ती तक पहुंच बनाकर अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सिंगया, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश नायक, डीके यादव, पूरन निरंजन, जितेंद्र यादव, कारन पटेल, राजेश दुबे एवं अरविंद पटेरिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नीलांजना नृत्य और आदिकुमार तप प्रस्थान ने किया भावविभोर

# पंचकल्याणक महोत्सव में गुंजायमान हुए असि, मसि, कृषि संदेश

**टीकमगढ़।** पपौरा जैन तीर्थ में आयोजित श्री पंचकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को धर्म, भक्ति और वैराग्य से ओतप्रोत कार्यक्रमों ने श्रद्धालुओं को गहराई से प्रभावित किया। आयोजन में भगवान ऋषभदेव आदिनाथ के तप, त्याग और लोककल्याणकारी जीवन प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया।

प्रतिष्ठाचार्य पंडित बाल ब्रह्मचारी जय निशांत जी ने प्रवचन में बताया कि आदिकाल में मानव असंगठित और असभ्य जीवन जी रहा था, तब भगवान ऋषभदेव ने मानव समाज को असि, मसि और कृषि के रूप में जीवन के तीन मूल आधार प्रदान किए। जिसमें असि को समाज में सुरक्षा और न्याय व्यवस्था का प्रतीक, मसि को ज्ञान, शिक्षा और संस्कृति का आधार और कृषि को आत्मनिर्भरता और जीवन निर्वाह का साधन बताया। उन्होंने कहा कि ये सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और समाज में संतुलन व समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करते हैं। आचार्य 108 विशुद्ध सागर जी महाराज ने मानव सेवा को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि किसी भी पीड़ित की सहायता करना ही सच्चा धर्म है। उन्होंने संदेश दिया कि दया, करुणा और अहिंसा को जीवन में अपनाकर ही वास्तविक धर्म का पालन किया जा सकता है। महोत्सव के दौरान प्रस्तुत नीलांजना का मनोहारी नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। सुंदर भाव-भंगिमाओं और लयबद्ध प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं नृत्य के बीच नीलांजना की अचानक मृत्यु का दृश्य जीवन की क्षणभंगुरता का गहरा संदेश दे गया। पूरा वातावरण एक पल में गंभीर और चिंतनशील हो उठा। कार्यक्रम में आदिकुमार के वैराग्य और तप के लिए प्रस्थान का दृश्य अत्यंत मार्मिक रहा। राजवैभव और सुख-सुविधाओं का त्याग कर तप मार्ग अपनाने का संकल्प दर्शाते ही श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। जयकारों और मंगल ध्वनियों के बीच यह दृश्य त्याग और आत्मकल्याण की प्रेरणा बन गया। इस अवसर पर टीकमगढ़ विधायक यादवेंद्र सिंह, पूर्व विधायक अजय यादव एवं राकेश गिरी गोस्वामी एबं लक्ष्मी गिरी ने गुरुचरणों में श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन समिति द्वारा उनका सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन संजीव कुमकुम द्वारा किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान ऋषभदेव के उपदेशों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।




### कलेक्टर ने खेतों का निरीक्षण कर दिया आधुनिक खेती अपनाने पर जोर

# पारंपरिक के साथ नई तकनीक आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने शनिवार को क्षेत्र के प्रगतिशील कृषकों के खेतों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों द्वारा अपनाई जा रही उन्नत खेती पद्धतियों का अवलोकन कर उनसे सीधे संवाद किया और उत्पादन बढ़ाने के लिए नवीन तकनीकों को अपनाने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने किसान राधे कुशवाहा के खेत में ड्रिप एवं मल्चिंग प्रणाली, प्रागीलाल अहिरवार एवं उनके पुत्र द्वारा फूलों व सब्जियों की खेती तथा वंदना अग्रवाल के परिवार द्वारा शेड नेट हाउस के माध्यम से उगाई जा रही उद्यानिकी फसलों का बारीकी से निरीक्षण किया।

ग्राम परा के प्रगतिशील किसान राधे कुशवाहा ने ड्रिप सिंचाई एवं मल्चिंग तकनीक अपनाकर खेती में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। इन आधुनिक तकनीकों के उपयोग से जहां पानी की बचत हो रही है, वहीं फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन में भी वृद्धि हुई है। ड्रिप प्रणाली के माध्यम से पानी सीधे फसल की जड़ों तक पहुंचता है, जिससे पानी की बर्बादी रुकती है और खरपतवार कम होता है। वहीं मल्चिंग तकनीक मिट्टी की नमी बनाए रखकर फसल को अधिक उत्पादक बनाती है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने किसानों से संवाद करते हुए फसल विविधीकरण, उन्नत बीजों के उपयोग और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बदलते समय में पारंपरिक खेती के साथ नई तकनीकों का समावेश किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत जिले के किसानों को ड्रिप एवं स्प्रिंकलर जैसी सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत किसानों को 45 से 90 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है, जिससे छोटे और सीमांत किसान भी आधुनिक तकनीकों को आसानी से अपना पा रहे हैं। ड्रिप सिंचाई से जहां 30 से 60 प्रतिशत तक पानी की बचत हो रही है, वहीं उत्पादन में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। प्रति बूंद अधिक फसल के सिद्धांत पर आधारित यह योजना किसानों की आय बढ़ाने के साथ जल संरक्षण को भी बढ़ावा दे रही है। डीबीटी के माध्यम से अनुदान सीधे किसानों के खातों में पहुंचाया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है।

### ढोढर से गिरधरपुर तक के लिए पटरियां लेकर पहुंची मालगाड़ी

# 6 साल बाद खोजीपुरा स्टेशन पर गूंजी रेल इंजन की आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पूरे 6 साल बाद खोजीपुरा रेलवे स्टेशन पर रेल इंजन की आवाज़ ने क्षेत्र (खासकर ढोढर वासियों) को उल्लास से चौंकाने का काम कर दिया, इंजन की आवाज सुनकर स्टेशन से तीन किमी दूर ढोढर गांव से भी लोग पटरी पर ट्रेन देखने पहुंच गए। दरअसल शुक्रवार को ब्रॉड गेज रेलवे ट्रैक पर ढोढर से आगे तक बिछाने के लिए पटरियां लेकर माल गाड़ी पहुंची थी। जिसे कौतूहलवश देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ पटरियों के पास उमड़ गई।

रेलवे विभाग ने श्योपुर जिले की सीमा बीरपुर से सबलगढ़ होते हुए कैलारस तक रेल का ट्राइल कंप्लीट कर यहां मेमू ट्रेन चलाने के लिए हरी झंडी दे दी है लेकिन यहां ट्रेन का चलना शायद आमजन की सुविधा के बजाए राजनीतिक महत्वाकांक्षा अधिक है। यही कारण है कि बार बार घोषणा के बाद भी सबलगढ़ से मेमू ट्रेन नहीं चलाई जा रही है। विगत माह जिस रघुनाथपुर (इकडोरी स्टेशन) तक मालगाड़ी सामान लेकर पहुंची उससे इस क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। ओर अब मालगाड़ी के ढोढर (खोजीपुरा) तक पहुंच जाने से जल्द ही श्योपुर से ग्वालियर तक मेमू ट्रेन चलने की उम्मीद जग गई है।



### सिर्फ दो कदम दूर नैरोगेज से ब्रॉडगेज का सफर

6 साल के इंतजार के बाद अब जिला वासियों को निरोगेज से ब्रॉड गेज के सफर का इंतजार भी लगभग पूरा होता दिखाई दे रहा है। यूं कहें कि अब ब्रॉड गेज के सफर के लिए सिर्फ दो कदम की दूरी बची है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। शुक्रवार को जो मालगाड़ी लेकर खोजीपुरा स्टेशन पर पटरियां लेकर पहुंची थी वह खोजीपुरा से गिरधरपुर को जोड़ने का काम करेगी जो करीब 20 किलोमीटर है इसके बाद गिरधरपुर से श्योपुर स्टेशन तक का सफर महज 15 किमी रह जाएगा जो बहुत अधिक नहीं है। पटरियां बिछाने का काम जिस तेजी से चल रहा है अगर वैसा ही रहा तो एक माह में ही पटरियां बिछाने का काम पूरा हो जाएगा। अंडरपास, छोटे बड़े ब्रिज, स्टेशन भी लगभग बनकर तैयार हो चुके हैं बस पटरियां बिछाने के बाद सिर्फ ट्रायल होना बाकी है और उसके बाद जयपुर से ग्वालियर तक बड़ी ट्रेन के सफर को हरी झंडी मिल जाएगी।



### बर्धा में अंडर ब्रिज का काम पूरा, 2 प्लेटफार्म बनकर तैयार

श्योपुर का रेलवे स्टेशन बर्धाबुजुर्ग में बन रहा है। जहां प्लेटफार्म बनकर तैयार हो गए। प्लेटफार्म 2 बनाए गए है। जिन पर टीनशेड किया जा रहा है। वहीं बर्धाबुजुर्ग गांव जाने के लिए यहां अंडर ब्रिज का काम भी कंप्लीट हो गया है। यह अंडर ब्रिज भी डबल बनाया गया है। एक ब्रिज से वाहनों का आना तो दूसरे वाहनों का जाना रहेगा। बताया जा रहा है कि प्लेटफार्म फुटओवर ब्रिज भी बनाया जाएगा। ताकि यात्री एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर पैदल पहुंच सके। स्टेशन भवन बनने का काम भी जल्द शुरू होगा। इसके लिए कार्रवाई चल रही है।

### 6 साल बाद सुनाई दी ट्रैक पर इंजन की आवाज

श्योपुर से ग्वालियर लाइन पर ब्रॉड गेज ट्रेन के चलने की उम्मीद और नजदीक हो गई है। ज्ञात हो कि मार्च 2020 को इस ट्रेक (श्योपुर से मालियर तक। पर कोरोना काल के चलते रेलवे ने नैरोगेज का संचालन बंद कर दिया गया था। और बाद में इस ट्रैक पर अमान गेज परिवर्तन कार्य स्वीकृत होकर पटरिया उखाड़ने का काम शुरू हो गया था तब से लेकर आज तक ट्रैक पर रेल नहीं चली अलबता कैलारस से ग्यालिवार तक मेमू ट्रेन चलाई जा रही है। रेलवे विभाग ने वर्ष 2026 के अंत तक इस ट्रैक पर ब्रॉड गेज ट्रेन दौड़ने की उम्मीद जताई है।

### तहसीलदार और एक दर्जन पटवारियों ने कराया गैस सिलेंडर वितरण

# प्रशासन ने खुद संभाला मोर्चा तो दिनों का काम निपट गया घंटों में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

प्रशासन अगर चाहे तो कोई भी व्यवस्था अव्यवस्था में तब्दील नहीं हो सकती है और किसी अव्यवस्था को व्यवस्थित भी किया जा सकता है। इसकी बानगी शनिवार को विजयपुर मुख्यालय पर तब देखने को मिली जब तहसीलदार रवि शर्मा दर्जन भर पटवारियों के साथ खुद उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर वितरण कराते देखे गए खास बात यह रही कि आय दिन सिलेंडर न मिलने की शिकायत करते हुए जाम लगाकर प्रदर्शन करने वाले सभी उपभोक्ता शनिवार गैस सिलेंडर लेकर घर निकल गए।

विजयपुर मुख्यालय पर गैस सिलेंडर वितरण की व्यवस्था के लिए एजेंसी संचालक रोज लाइन लगाकर ऑनलाइन बुक किए गए गैस सिलेंडर पर्ची देखकर वितरण करता है लेकिन इस वितरण व्यवस्था में भेदभाव व लापरवाही कि शिकायत उपभोक्ताओं की ओर से करते हुए हंगामा भी खूब होता था, उपभोक्ताओं का आरोप था कि डीलर उपभोक्ताओं के बजाए सिलेंडर अनावश्यक लोगों दुकानदार इत्यादि को बांट रहा है, उधर डीलर का कहना था कि जो उपभोक्ता ऑनलाइन गैस बुकिंग करता है सिलेंडर उसी को दिया जा रहा है फिर आय दिन इस मामले को लेकर प्रदर्शन का औचित्य कहां तक है। बात व्यवस्था की करें तो गैस उपभोक्ता दिन उगने से पहले लाइन में लगते हैं और सूरज ढलने के बाद घर लौटते हैं। उनमें से भी कई को तो बिना सिलेंडर पाए ही घर लौटना पड़ता था। ऐसे उपभोक्ताओं को शनिवार को प्रशासन की निगरानी में गैस सिलेंडर वितरण कराए आश्चर्जनक बात यह है कि सुबह से शाम तक लाइन में लगने वाले उपभोक्ताओं में से कुछ को तो मायूस होकर बिना सिलेंडर लिए घर लौटना पड़ा लेकिन शनिवार को तहसीलदार ने जब खुद सिलेंडर वितरण किया तो लोगों को शाम तक इंतजार नहीं करना पड़ा जिन लोगों ने सिलेंडर बुक किए थे उन सभी को दोपहर 12 तक सिलेंडर वितरण कर दिए गए तहसीलदार द्वारा पटवारियों के साथ मिलकर की गई इस वितरण व्यवस्था से जहां सभी गैस उपभोक्ता प्रसन्न है वही कुछ उपभोक्ता जो बिना पर्ची के सिलेंडर लेने पहुंचे थे को भी बेरंग लौटना पड़ा वह प्रशासन के इस व्यवस्था कोसते भी दिखाई पड़े।

### पुलिस वाले लौटे खाली सिलेंडर लेकर

गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था में उस समय हास्यापद स्थिति निर्मित हो गई जब कुछ पुलिसकर्मी खाली सिलेंडर लेकर गैस भराने पहुंच गए लेकिन वहां मौजूद तहसीलदार ने ऑनलाइन बुकिंग नहीं होने से उन्हें गैस सिलेंडर देने से मना कर दिया हालांकि पुलिसकर्मी इस दौरान तहसीलदार की बात किसी से कराने का प्रयास करते देखे गए लेकिन तहसीलदार ने किसी का फोन अटेंड करने के बजाय पुलिसकर्मियों को यह कहते हुए बैरंग लौटा दिया कि सिलेंडर आपका है तो इसे ऑनलाइन बुक करें और उसके बाद ही सिलेंडर मिलेगा पुलिस के अलावा अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी और कुछ लोग भी गैस सिलेंडर बिना पर्ची के लेने पहुंचे थे ऐसे अपात्र उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं दिया गया।

### इनका कहना है

एसडीएम सर के निर्देश पर आज मैंने अपने पटवारियों के साथ मिलकर गैस सिलेंडर वितरण कराए। दोपहर 12:00 तक लगभग सभी उपभोक्ताओं को सिलेंडर वितरण कर दिए गए थे। इस दौरान कुछ लोग बिना बुकिंग कराए सिलेंडर लेने पहुंचे थे उन्हें मना कर दिया है साथ ही एजेंसी वितरक को निर्देशित किया है कि वह सिर्फ बुकिंग वालों को ही गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए।

**रवि शर्मा**
**तहसीलदार विजयपुर**

### संकल्प से समाधान अंतर्गत जिला स्तरीय शिविर आयोजित

# बाल विवाह सामाजिक कुरीति, इसे रोकने जागरूकता जरूरी: सौम्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है, इसे रोकने के लिए समुदाय में जागरूकता बहुत जरूरी है, बाल विवाह निषेध अधिनियम अंतर्गत कठोर कार्रवाई का प्रावधान है तथा दो लाख रुपये तक जुर्माना एवं कारावास दोनो सजा शामिल है। यह बात जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद ने कही। वे शनिवार को निषादराज भवन में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय शिविर को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, नपा उपाध्यक्ष संजय महाना, जिला पंचायत कृषि स्थाई समिति के सभापति गिरधारी बैरवा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरोज तोमर, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, एसीईओ अजय उपाध्याय, महिला बाल विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार अम्ब, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश शर्मा, उप संचालक कृषि जीके पचौरिया, उप संचालक पशुपालन डॉ सुभाषबाबू दौहरे, उप संचालक सामाजिक न्याय शशिकिरण इक्का, सीईओ जनपद एसएस भटनागर, राजेश शर्मा, डॉ एसके सक्सैना, नेहा सिंह आदि उपस्थित थे।




जिपं सीईओ सौम्या आनंद ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शासन की विभिन्न 106 योजनाओं में हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया है। अभियान के तहत कुल 68 हजार 294 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 68 हजार 175 का निराकरण करते हुए 65 हजार 263 हितग्राहियों को योजनाओं में लाभ प्रदान किया गया है। शिविर के दौरान मंच से विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से हितलाभ का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिपं उपाध्यक्ष नीरज जाट द्वारा उपस्थित गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों को बाल विवाह की रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन सुशील दुबे तथा आभार प्रदर्शन डिप्टी कलेक्टर संजय जैन द्वारा व्यक्त किया गया।

# श्योपुर पहुंची नवागत कलेक्टर, संभाला पदभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नवागत कलेक्टर शीला दाहिमा शनिवार को श्योपुर पहुंची और उन्होंने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, कराहल बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य, तहसीलदार मनीषा मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी किये गये आदेश के तहत वर्ष 2015 बैच की आईएएस अधिकारी शीला दाहिमा को श्योपुर कलेक्टर के रूप में पदस्थ किया गया है। उक्त आदेश के क्रम में नवागत कलेक्टर शीला दाहिमा ने कलेक्ट्रेट कार्यालय श्योपुर पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। श्योपुर जिले में आगमन पर नवागत कलेक्टर शीला दाहिमा का सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद सहित अन्य अधिकारियों द्वारा बुके भेंटकर स्वागत किया गया। बताना होगा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी शीला दाहिमा इसके पूर्व बैतूल में सीईओ जिला पंचायत, अपर संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल, एडिशनल सेक्रेटरी माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल तथा उप सचिव सहकारिता विभाग भोपाल के पद पर कार्य कर चुकी हैं।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत क्वारी नदी में चला स्वच्छता अभियान

# एसडीएम सहित प्रशासन उतरा नदी में, जलकुंभी और कचरा साफ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विजयपुर प्रशासन ने जनप्रतिनिधि आमजन के साथ मिलकर शनिवार को क्वारी नदी की स्वच्छता को लेकर श्रमदान किया। इस दौरान अफसरों ओर प्रतिनिधियों ने न सिर्फ घाट पर जमा मिट्टी इत्यादि को साफ किया बल्कि बीच नदी में तैर रही जलकुंभी, काई और कचरे को भी साफ किया इसके लिए एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा ने खुद ट्यूब के सहारे नदी में उतरकर स्वच्छता अभियान में लीड रोल निभाया जिसकी प्रेरणा से अन्य अधिकारी कर्मचारी व जन प्रतिनिधि प्रेरित हुए।



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चलाए जा रहे हैं जल संरक्षण अभियान के क्रम में शनिवार को एसडीएम अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व में क्वारी नदी के संरक्षण का अभियान शुरू किया। हालांकि इस मौसम में नदियां सूख जाती है लेकिन इस बार प्रकृति की मेहरबानी से जिले की अधिकतर नदियां जलमग्न हो रही है क्वारी नदी भी सूखने के बजाय भरी हुई है जिसके चलते गहरीकरण तो संभव नहीं हो पाया लेकिन स्वच्छता के साथ संरक्षण जरूर किया जा रहा है इसी क्रम में सुबह 7:00 बजे नदी घाट पर पहुंचे एसडीएम ने पहले कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर घाट की सफाई की वहां जमी मिट्टी को खोदकर ट्रॉली भरवा कर टचिंग ग्राउंड भिजवाया और बाद में नदी के बीच में वह रही जलकुंभी कचरा को भी नदी में उतरकर साफ किया। एसडीएम ट्यूब के सहारे तैरकर बीच नदी में सफाई करने पहुंचे तो उनके साथ-साथ तहसीलदार और सीएमओ सहित अन्य कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि भी नदी में तैर कर साफ सफाई करते दिखे।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी करने 27 खरीद केंद्र निर्धारित

# 15 से शुरू होगी गेहूं खरीदी, तीन साल बाद श्योपुर को मिला एक सायलो केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू होने का इंतजार कर रहे जिले के किसानों का यह इंतजार खत्म होने वाला है। क्योंकि जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 15 अप्रैल से शुरू होने जा रही है। इसके लिए शासन के निर्देश पर प्रशासन की ओर से तैयारियां की जा रही है। गेहूं की खरीदी के लिए प्रशासन की ओर से 27 खरीद केन्द्रों का निर्धारिण कर दिया गया है। प्रशासन का कहना है कि 4 खरीदी केन्द्र और शेष रह गए है, जिनका निर्धारण भी जल्द ही कर दिया जाएगा। इसके लिए कार्रवाई चल रही है। गेंहू खरीदी करने के लिए श्योपुर जिले को एक सायलो केन्द्र भी मिल गया है।

विशेष बात यह है कि यह सायलो केन्द्र श्योपुर जिले को तीन साल के अंतराल के बाद मिला है। जो बडौदा तहसील क्षेत्र स्थित सलमानिया पर बनाया जाएगा। बता दें कि वर्ष 2022 तक श्योपुर जिले में दो सायला केन्द्र सलमानिया और नागदा में बनते आए थे। जहां बडी संख्या में किसान गेहूं विक्रय के लिए पहुंचते थे। लेकिन 2022 के बाद श्योपुर जिले में सायलो केन्द्र बनना बंद हो गए थे। अब तीन साल के अंतराल के बाद 2026 में गेहूं की खरीदी के लिए एक सायलो केन्द्र मिला है। सलमानिया में लगने वाले सायलो केन्द्र में किन किन संस्थाओं के द्वारा गेहूं की खरीदी की जाएगा, इसका फिलहाल निर्धारण नहीं हुआ है। मगर विभागीय अधिकारी दावा कर रहे है कि इसका निर्धारण भी जल्द हो जाएगा। यहां बता दें कि गेंहू खरीदी शुरू न होने से जहां एक तरफ किसान परेशान हो रहे थे,वहीं विभिन्न राजनैतिक दलों के अलावा किसान संगठन भी आक्रोशित होकर धरना प्रदर्शन कर रहे थे और गेहूं खरीदी केन्द्र जल्द चालू करने की मांग उठा रहे थे



### गडबडियों के चलते चार संस्थाओं का रूका खरीद केन्द्र बनना

गेहूं खरीदी करने के लिए प्रशासन की ओर से 27 सहकारी संस्थाओ को गेहूं खरीदी केन्द्र बना दिया गया है। लेकिन 4 सहकारी संस्थाओं का खरीदी केन्द्र बनना फिलहाल अटक गया है। इसके पीछे कारण इन संस्थाओं पर पिछले वर्ष के दौरान गेहूं खरीदी कार्य के दौरान सामने आई गडबडियां बताई गई है। इस साल इस तरह की गडबडी गेहूं खरीदी के दौरान न हो, इसके लिए इन 4 संस्थाओं से प्रशासन की ओर पिछले सालों के दौरान जितनी राशि की गडबडियां जांच के दौरान सामने आई थी,उतनी राशि से आधी राशि की एफडी इन संस्थाओं से करवाई जा रही है। एफडी की कार्रवाई पूरी होने के बाद चार संस्थाओ को खरीद केन्द्र बना दिया जाएगा।

### इन संस्थाओं को बनाया खरीद केन्द्र

गेहूं की खरीदी करने के लिए प्रशासन की ओर से जिले में 27 गेहूं खरीद केन्द्र बना दिए गए है,इनमें बृहत्ताकार संस्था बडौदा, सेवा सहकारी संस्था नयागांव तेखण्ड, पांडोला, वृहत्ताकार संस्था फिलोजपुरा, तलावडा, सेवा सहकारी संस्था नयागांव ढोंढपुर, जलालपुरा,नागदा, सोंईकलां, नागरगांवडा, गोहेडा, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था आवदा, विपणन सेवा सहकारी संस्था कराहल, सेवा सहकारी संस्था ओछापुरा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था विजयपुर, वीरपुर, सेवा सहकारी समिति सहसराम,सेवा सहकारी संस्था आसीदा, विजरपुर, सोंठवा, गुरनावदा, जावदेश्वर, तलावदा, क्यारपुरा, बोरदादेव, वृहत्ताकार संस्था दांतरदा, मानपुर शामिल है।

### खास खास

- 18074 किसानों ने कराया पंजीयन
- 121000 मैट्रिन गेहू खरीदी का लक्ष्य
- 15 अप्रैल से शुरू होगी गेहू खरीद
- 2625 रूपए प्रति क्विंटल मिलेगा किसानों को भुगतान

### इनका कहना...

समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीदी 15 अप्रैल से शुरू हो जाएगी। इसके लिए 27 खरीदी केन्द्र निर्धारित करते हुए अन्य तैयारियां शुरू कर दी है।एक सायलो केन्द्र भी मिल गया है। चार खरीदी केन्द्र जल्द ही और बन जाएंगे। खरीदी के दौरान किसानों को परेशानी न आए,इसका भी पूरा ध्यान रखा जाएगा।

**विजय शाक्य**
**प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी,श्योपुर**

### आप ने किया नए कार्यालय का शुभारंभ

**श्योपुर।** आम आदमी पार्टी (आप) ने शनिवार को शहर श्योपुर में अपने नए कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। गिर्राज घाट रोड पर खोले गए इस कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर आप जिलाध्यक्ष रीता चौहान, अनिल मीणा, सुमित जाट, श्याम गौड़, मांगीलाल बैरवा, अभिषेक कलोनी, प्रेमा बाईं एवं अनीता राठौर सहित अनेक कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प व्यक्त किया।

# कबूल है कहकर 33 जोड़े बने हमसफर, इज्तेमाई शादी आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शनिवार को हुसैनी कमेटी के बैनरतले ऑल मुस्लिम इज़्तिमाई शादी (सामूहिक विवाह सम्मेलन) आयोजित की गई। इस विवाह सम्मेलन में शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी की टीम ने 33 जोड़ों के निकाह पढ़ाए। सुबह 10 बजे से शुरू हुआ निकाह पढ़ाने का आयोजन दोपहर 01 बजे तक संपन्न करा लिया गया। इस दौरान 33 जोड़ों के निकाह पढ़ाए गए। इज़्तिमाई शादी में श्योपुर के अलावा सबलगढ़, वीरपुर, कैलारस, सवाई माधोपुर व आसपास गांव के जोड़े भी शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने के लिए हुसैनी कमेटी के संरक्षक मोहम्मद चीनी कुरैशी, अध्यक्ष रईस खान, सेकेट्री मुन्ना हम्माल आदि कमेटी सदस्यों ने शादी समारोह को सफल बनाने के लिए मुस्लिम समाज का आभार जताया।

**आम सूचना**

मैं अनवर बेग पुत्र रसूल बेग उम्र 80 साल निवासी वार्ड नं 3 छारबाग टीला मोहल्ला श्योपुर जिला श्योपुर की ओर से घोषणा की जाती है कि, मेरे पुत्र गण 1 असलम वेग, 2 अफजल बेग 3 अकरम बेग उर्फ शानू मिर्जा, 4 आरिफ वेग। पुत्रियां 1 सलमा, 2 यासमीन, 3 शबनम, 4 जुबेदा, 5 ताहिरा, 6 अमरीन 7 अंजुम है। सभी पुत्र एवं पुत्रियों की शादी हो चुकी है सब अपने अपने परिवार के साथ अलग अलग रहे हैं। मेरी निजी और पुश्तैनी जमीन, जायदाद, मकान आदि जो कुछ था उसने चारों बेटों को बराबर बराबर बांट दिया है। अब मेरे किसी वारिस का मेरी संपत्ति पर कोई अधिकार नहीं है। यह है कि मेरे पुत्र अकरम बैग उर्फ शानू मिर्जा असामाजिक गतिविधियों में शामिल रहता है नशा करके लोगों से झगड़ा करना मारपीट करना सट्टा चलाने जैसी प्रवृत्ति में लिप्त होने के कारण मेरी और मेरे पूरे परिवार की मान मर्यादा सम्मान को ठेस पहुंच रही है। कई बार समझाने के बाद भी वह अपने बुरे कामों से दूर नहीं हो पा रहा है इसलिए मेरे द्वारा अपने पुत्र अकरम बैग उर्फ शानू मिर्जा एवं उसकी पत्नि नफीसा से आपने सारे संबंध समाप्त करने की घोषणा करता हूं कोई भी व्यक्ति चाहे वो मेरे रिश्तेदार हो कोई ओर शानू मिर्जा और से किसी भी तरह का कोई संबंध अपनी जिम्मेदारी पर रखे अगर शानू मिर्जा किसी के साथ कोई असामाजिक गतिविधियां करता है तो उसका जिम्मेदार वह खुद होगा। मेरा एवं मेरे रिश्तेदार जिम्मेदार नहीं होंगें। अकरम और उसकी पत्नि नफीसा जब कभी भी बिना किसी कारण के पुलिस थाना श्योपुर एवं माननीय एस.पी. महोदय एवं श्रीमान कलेक्टर महोदय के समक्ष झूठा आवेदन मेरे एवं मेरे पुत्रो या परिवार के विरुद्ध देते है एवं मुझे एवं मेरे पुत्रो एवं परिवार को जानसे मारने की एवं मारा पिटी करने की धमकी देते है में अपने अकरम बेग उर्फ शानू पुत्र एवं पुत्र वधु नफीसा से तंग आ गया हूं इस कारण उससे अपने समस्त सम्बंध विच्छेद करता हूं मेरे पुत्र अकरम बेग उर्फ शानू व पुत्रवधु नफीसा से किसी भी प्रकार की लेन देन न करे करे तो उसकी जवाबदारी मेरी एवं मेरी परिवार की नही होगी।

भवदीय
अनवर बेग पुत्र रसूल बेग उम्र 80 साल निवासी वार्ड नं 3 छारबाग टीला मोहल्ला श्योपुर जिला श्योपुर

## खबर संक्षेप

### विद्युत प्रदाय 11 बजे तक प्रभावित

**अशोकनगर।** शनिवार को 33/11 केव्ही उपकेन्द्र अशोकनगर से संबंधित फीडर पर प्री मानसून मेंटनेंस का कार्य होने से नगेश्री फीडर के अंतर्गत आने वाले अंबेडकर भवन, नगेश्री चैराहा, हिरियों के टपरा, कछियाना मोहल्ला, मोहरी रोड, आदि स्थानों पर विधुत प्रदाय सुबह 8 से दोपहर 11 बजे तक प्रभावित रहा।

### 16 वर्षीय किशोर मृत अवस्था में मिला

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम भुगावली थाना नईसरायं निवासी सुमित पुत्र अरबिन्द यादव उम्र 16 की गुमसुदगी का मामला उसके पिता अरबिन्द यादव ने दर्ज कराया था। बाद में युवक की बालिका छात्रावास के सामने वाले तालाब में डूबने से मौत हो गई, जिस पर से पुलस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली अशोकनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाल्मीक मंदिर के पास निवासी जयप्रकाश कोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी चिन्टा कोरी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी दीपक कोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोनू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेजी पठार निवासी राधे आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मुंशी और राजकुमार आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मैनाई निवासी मलखान सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी चन्द्रेश सिंह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पचमउआ निवासी भरत लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उदय लोधी और अज्ञात लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत अजीज कॉलोनी निवासी अख्तर खां ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अलीम मौलाना और सलीम मौलाना ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत पानी की टंकी के पास निवासी नेतराम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जीतू, धर्मेन्द्र और तुलसी अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### आयुष विभाग द्वारा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**अशोकनगर।** आयुष विभाग अशोकनगर द्वारा शुक्रवार को विश्व होम्योपैथी दिवस हैनीमैन जयंती के उपलक्ष में आयुष्मान आरोग्य मंदिर अमरोद ,शासकीय होम्योपैथी औषधालय अर्रोन एवं विल्हेरू पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष में स्वास्थ्य शिविर एवं योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें होम्योपैथी चिकित्सकों द्वारा रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### गर्ल्स कॉलेज में नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के प्रथम चरण का शुभारंभ

# शिक्षित व जागरूक नारी ही एक सशक्त राष्ट्र का कर सकती है निर्माण : डॉ. उमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के प्रथम चरण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने कहा कि इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के माध्यम से छात्राओं के आत्मविश्वास, कौशल और जागरूकता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। कार्यक्रम प्रभारी मृणालिनी मिश्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह पखवाड़ा समाज में महिलाओं की गरिमा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने का एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. उमा लवानिया ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि शिक्षित और जागरूक नारी ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकती है, इसलिए छात्राओं को अपनी शिक्षा और व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान देना चाहिए। मुख्य वक्ता और विशेषज्ञ के तौर पर उपस्थित जेआरएफ स्कॉलर ज्योति राठौर ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 के विहित प्रावधानों पर अपना विशेष व्याख्यान दिया।

उन्होंने छात्राओं के साथ सीधा संवाद करते हुए अधिनियम की बारीकियों को साझा किया और बताया कि किस प्रकार भविष्य में यह कानून महिला नेतृत्व और उनकी राजनैतिक भागीदारी को मजबूत करेगा। इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ सदस्य प्रकाश चंद्र, सत्यम सिंह कुर्मी, यशवंत शर्मा, डॉ. निशि भदौरिया, डॉ. आशीष गुप्ता, प्रशांत कुशवाहा, डॉ. विशाल मिश्रा, डॉ. दिनेश राय, नवीन नामदेव, अरुण उपाध्याय, राजीव लोधी, नीता नामदेव, मनीता राजपूत, कीर्ति एवं आरती ठाकुर, कृतिका रत्नाकर, नम्रता गर्ग सहित समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## बाल संसद आयोजन में छात्राओं की रही सक्रिय भागीदारी

**बीना।** बीपीसीएल बीना रिफाइनरी द्वारा संचालित प्रोजेक्ट समत्व के अंतर्गत शिक्षा एवं व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को रेल संस्थान में बाल संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने पक्ष एवं विपक्ष के सांसदों की भूमिका निभाते हुए देश एवं क्षेत्रीय समस्याओं पर प्रभावशाली ढंग से वाद-विवाद किया। विपक्ष की ओर से भारतीय संस्कृति के संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा तथा कृषि एवं किसान हितों से जुड़ी सरकारी योजनाओं पर सवाल उठाए गए, जो चर्चा के मुख्य विषय रहे। वहीं सत्ता पक्ष की और से आयुष्मान योजना, आवास योजना एवं उज्ज्वला योजना जैसे महत्वपूर्ण सरकारी प्रयासों को मजबूती से प्रस्तुत किया गया।




रोजगार के मुद्दे पर सभा में तीखी बहस देखने को मिली, जिसके चलते अध्यक्ष की भूमिका निभा रही छात्रा को कुछ समय के लिए सत्र स्थगित करना पड़ा। इस बाल संसद की खास बात यह रही कि इसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने सांसद के रूप में भागीदारी निभाई, जो महिला सशक्तिकरण का सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करता है। कार्यक्रम में विधानसभा निर्मला सप्रे, नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार, जनपद अध्यक्ष ऊषा राय, अनुविभागीय अधिकारी रवीश श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष संतोष ठाकुर, नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय तथा बीपीसीएल से अर्पिता भट्टाचार्य, दीक्षा आदि के सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### टीकाकरण लक्ष्य पूरा करने पर मंथन

# कलेक्टर से स्टेट आरआई टीम ने की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय से शुक्रवार को राज्य स्तर से आए सूर्यप्रकाश दीक्षित ने जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जयकृत सिंह राजपूत के साथ मुलाकात की। इस दौरान जिले में चल रहे एचपीवी वैक्सीनेशन एवं नियमित टीकाकरण की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी गई।

साथ ही जिले में एचपीवी वैक्सीन का लक्ष्य शीघ्र पूरा करने के लिए विशेष कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। सीएमएचओ डॉ. अल्का त्रिवेदी के नेतृत्व में जिलेभर में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान को गति देते हुए आज भी सेशन साइट संचालित की गईं। इन सभी केंद्रों पर किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाने का कार्य किया गया। जिला अस्पताल अशोकनगर में आयोजित सेशन के दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जयकृत सिंह राजपूत ने अपनी पुत्री दर्पिता सिंह को भी स्टेट टीम की उपस्थिति में एचपीवी वैक्सीन लगवाई। इसके माध्यम से उन्होंने समाज को यह संदेश दिया कि एचपीवी वैक्सीन पूर्णतः सुरक्षित एवं प्रभावी है। वैक्सीनेशन उपरांत दर्पिता सिंह को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया।

इसके पश्चात स्टेट एवं जिला टीम ने अर्बन क्षेत्र की आंगनबाड़ी क्रमांक 62 का निरीक्षण किया। जहां 8 बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। टीम ने केंद्र की व्यवस्थाओं, रिकॉर्ड संधारण एवं टीकाकरण कार्य की समीक्षा करते हुए संतोष व्यक्त किया।

### साधना सप्ताह अंतर्गत मिशन कर्मयोगी के तहत प्रशिक्षण आयोजित

**अशोकनगर।** कर्मचारियों के क्षमता संवर्धन हेतु मिशन कर्मयोगी के तहत साधना सप्ताह का आयोजन 02 अप्रैल से 10 अप्रैल तक किया गया। जिले की समस्त तहसीलों, समस्त कार्यालयों एवं ई-दक्ष केन्द्र में कर्मयोगी पोर्टल के माध्यम से कर्मचारियों के क्षमता संवर्धन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शासकीय सेवकों के लिए आईगोट कर्मयोगी पोर्टल पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित कम से कम 4 घंटे का प्रशिक्षण और न्यूनतम 10 कोर्स पूरे करना अनिवार्य किया गया था।



# रिफायनरी अस्पताल में सीपीआर पर कार्यशाला हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



विवेकानंद केंद्र बीना रिफायनरी अस्पताल द्वारा सीपीआर एवं लाइफ स्टाइल डिजीज विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को आपातकालीन स्थिति में जीवन रक्षक तकनीकों तथा जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वक्ता वरिष्ठ पैथोलॉजिस्ट एवं सेवानिवृत संचालक स्वास्थ्य सेवायें, मध्य प्रदेश शासन डॉ. बीएस ओहरी भोपाल ने अपने अनुभवों एवं विशेषज्ञता के माध्यम से उपस्थित प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

उन्होंने सीपीआर की सही तकनीक, समय पर हस्तक्षेप के महत्व तथा बदलती जीवनशैली के कारण बढ़ रही बीमारियों की रोकथाम एवं प्रबंधन पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। डॉ. ओहरी ने बताया कि हमें अपने दैनिक भोजन में संतुलित एवं पोषक आहार का नियमित सेवन करना चाहिए। इससे डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, शुगर तथा हृदय रोग जैसी लाइफस्टाइल संबंधी बीमारियों से बचाव संभव है। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम करने एवं समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की भी सलाह दी। इससे पूर्व स्मृति चिन्ह एवं विवेकानंद साहित्य देकर मुख्य वक्ता को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के सभी चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ एवं पैरामेडिकल कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे। कार्यक्रम के अंत में अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ एके दीक्षित ने सभी का आभार माना।

## हनुमान मंदिर में चोरी से हड़कंप

**पिपरई।** नगर के वार्ड नंबर 09 में प्रसिद्ध हनुमानजी मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर श्रद्धालुओं को स्तब्ध कर दिया। चोरों ने देर रात मंदिर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखे एमप्लीफायर एवं माइक्रोफोन चोरी कर लिए।

घटना की जानकारी सुबह जब पुजारी नियमित पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे तो मंदिर का टूटा ताला देखकर हुई। इसके बाद आसपास के लोगों को सूचना दी गई, जिससे मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। मंदिर में चोरी की घटना से श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश है और लोगों ने जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किए जाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस मई माह में 07 ट्रिप निरस्त रहेगी

**बीना।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल अंतर्गत कनकपुरा स्टेशन पर यार्ड में मई माह में नानइंटरलॉकिंग कार्य के चलते भोपाल से संचालित ट्रेन भोपाल-जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस के कुछ फेरे निरस्त रहेंगे। भोपाल मंडल जनसंपर्क अधिकारी अनुसार ट्रेन नंबर 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस भोपाल से 03, 04, 05, 08, 12, 13 एवं 14 मई को 07 ट्रिप निरस्त रहेगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस जोधपुर से 02, 03, 04, 07, 11, 12 एवं 13 मई को 07 ट्रिप निरस्त रहेगी।

### दो सर्वसुविधायुक्त सुलभ कॉम्प्लेक्स का हुआ लोकार्पण

# सुलभ शौचालय व्यवस्था से स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा: विधायक निर्मला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

सिविल अस्पताल परिसर व सुपर मार्केट में बनाए गए सुलभ कॉम्प्लेक्स एवं चंद्रशेखर वार्ड में संजीवनी क्लिनिक का लोकार्पण विधायक निर्मला सप्रे एवं नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने किया। इस मौके पर विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि नगर के विकास और नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देना उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छ और सुलभ शौचालय की व्यवस्था से स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को परेशानी से राहत मिलेगी। नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने कहा कि लोगों द्वारा सुलभ शौचालय की लंबे समय से यह मांग की जा रही थी जिसे अब पूर्ण कर जनता को समर्पित किया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगे भी नगर में आवश्यक सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा और स्वच्छता अभियान को निरंतर मजबूती दी जाएगी। सीएमओ राहुल कौरव ने कहा कि इन सुलभ कॉम्प्लेक्स में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया है। साफ-सफाई और नियमित देखरेख की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष संतोष ठाकुर, जिला मंत्री आसमा जैन, सह कार्यालय मंत्री भूपेन्द्र नामदेव, जनपद उपाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह ठाकुर, स्थानीय पार्षद रजनी नवीन साहू, सभापति मधुलिका यादव, पार्षद विजय लखेरा, अतीक खान, विजय हुरकट सहित बड़ी संख्यां में गणमान्य नागरिक, वार्डवासी उपस्थित रहे।

# समय पर वेतन भुगतान सहित अन्य मांगों को लेकर हड़ताल पर कर्मचारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढ़ौरा

समय पर वेतन भुगतान न होने के कारण बी पेक्स संस्थाओं के कर्मचारी शुक्रवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताली कर्मचारियों ने बताया कि बी पेकस संस्थायें जिला अशोकनगर के समस्त कर्मचारी समय पर वेतन भुगतान न होने के कारण परेशान होकर अब अपनी अन्य विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार से अनिश्चित कालीन कलम बंद हड़ताल पर चले गये हैं। जिसके कारण अब जिले में होने बाली गेंहू, चना एवं मसूर की खरीदी पर संकट मंडरा गया है। और साथ ही साथ उपभोक्ताओं को मिलने वाला राशन भी बंद रहेगा। और संस्थाओं के सभी काम ठप्प पड़ गये हैं।

**खास बातें**

- आज दिनांक तक की शेष सम्पूर्ण वेतन का भुगतान किया जावे। 2 संस्था वायलोज, पंजीयक, उप पंजीयक सहकारी संस्थायें जिला अशोकनगर के विभिन्न आदेशों के अनुसार नई कलेक्टर दर से वेतन का भुगतान किया जावे।
- पंजीयक, उप पंजीयक सहकारी संस्थायें जिला अशोकनगर के विभिन्न आदेशों के अनुसार अतिरिक्त मानदेय का भुगतान किया जावे।
- आगे से हर माह की वेतन का भुगतान समय पर किया जाए

# भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढ़ौरा



शाढ़ौरा में भारतीय जनता पार्टी मंडल का प्रशिक्षण वर्ग साहू मैरिज गार्डन में आयोजित हुआ, जिसमें मंडल के अपेक्षित कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, इतिहास एवं कार्यपद्धति से अवगत कराते हुए आगामी चुनावों के मद्देनजर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना रहा।

प्रशिक्षण सत्रों में भाजपा के इतिहास, वैचारिक आधार, संगठन की रीति-नीति, बूथ प्रबंधन की रणनीति तथा सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि मजबूत बूथ ही चुनावी सफलता की कुंजी होता हैं, इसलिए कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएं। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं अशोकनगर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की ताकत हैं और बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर पार्टी की नीतियों एवं उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना प्राथमिक जिम्मेदारी हैं।

समापन सत्र में जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रविंद्र लोधी एवं पूर्व विधायक जजपाल ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए प्रशिक्षण वर्ग को संगठन की मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। अन्य वक्ताओं में जिला उपाध्यक्ष केशव राव जोशी, जिला मंत्री धर्मेन्द्र रघुवंशी तथा पूर्व मंडल अध्यक्ष जगदीश यादव ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी, जिला उपाध्यक्ष सुधीर रघुवंशी, वरिष्ठ कार्यकर्ता सीताराम काकाजी, विजय सिंह रघुवंशी, शिवराज सिंह रघुवंशी, शाढ़ौरा नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहौर, पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह कनारी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर रघुवंशी, रणवीर सिंह, महामंत्री अनिल रघुवंशी, मुनेश अहीरवार, सुरेंद्र सिंह, भूपेन्द्र दुबे, भूपेन्द्र बुधौलिया, मुकेश शर्मा, राकेश रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों की जानकारी मंडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी ने साझा की, जबकि मंच संचालन हर्षित जैन ने किया।

### मंडी संचालन हेतु व्यवस्थाओं के संबंध में दिए निर्देश

# कलेक्टर ने फसल नीलामी प्रक्रिया का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय ने शुक्रवार को नवीन कृषि उपज मंडी अशोकनगर पहुंचकर फसल नीलामी प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि किसानों द्वारा कृषि उपज मंडी में लाने वाली फसल की नीलामी एवं तौल समय से की जाए। जिससे किसानों को फसल विक्रय हेतु आसानी हो सके। उन्होंने मंडी प्रबंधन को निर्देशित किया कि किसानों और व्यापारियों के बीच सामंजस्य बना रहे। साथ ही फसल नीलामी की निरंतर मॉनिटरिंग रखी जाए। उन्होंने कृषि उपज मंडी में किसानों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों से संवाद करते हुए फसल नीलामी के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि किसानो द्वारा फसल विक्रय हेतु आने वाली ट्रालियों को व्यवस्थित लगाए जाने के संबंध में टोकन व्यवस्था संचालित किए जाने की निर्देश दिए। उन्होंने व्यापारियों एवं किसानों के साथ बैठक आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही मंडी में आने वाले किसानों को शुद्ध पेयजल, छाया, कैंटीन संचालन एवं पर्याप्त साफ सफाई के संबंध में मंडी प्रबंधन को निर्देश दिए।